हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026



आवश्यकता है

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क भोग भंडारे में आज विधायक रोहित होंगे शामिल

**राजिम।** महानदी के बीच साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क भोग भंडारे में विधायक रोहित साहू गुरुवार को दोपहर 12 बजे शामिल होंगे। भंडारे में विधायक आगंतुकों को दाल,चांवल,सब्जी परोसेंगे। उल्लेखनीय है कि राजिम कुंभ मेला में भोग भंडारा की शुरूआत 5 वर्ष पूर्व की गई थी। उस समय विधायक रोहित साहू जिला पंचायत सदस्य थे और उनके मार्गदर्शन में इस पुनीत सेवा कार्य का शुभारंभ हुआ था। आज इसका स्वरूप अत्यंत भव्य एवं व्यापक हो गया है। वर्तमान में यह भोग भंडारा सर्व-सुविधायुक्त विशाल पंडाल में संचालित किया जा रहा है। विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर जिलाधीश भगवान दास उईके एवं अनुभागीय अधिकारी विशाल महाराणा द्वारा जिला प्रशासन की ओर से यह सुविधायुक्त पंडाल उपलब्ध कराया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था प्राप्त हो रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोग भंडारा सेवा भाव, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।



### मनरेगा में बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को खत्म करने की साजिशः परमेश्वर

**मैनपुर।** केन्द्र के मोदी सरकार की ओर से मनरेगा योजना में किये जा रहे बदलाव के खिलाफ पूरे प्रदेश और देश में कांग्रेस द्वारा तीव्र विरोध किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परमेश्वर यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि परिवर्तित योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और गरीबों से रोजगार का कानूनी अधिकार छीनने का प्रयास है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। श्री यादव ने कहा तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार का कानूनी अधिकार प्रदान किया था, जिसे भाजपा सरकार खत्म करना चाह रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है।



### मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल कला में मारपीट के एक मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सिरजौतिन बारले ने बताया कि 2 फरवरी की शाम करीबन 07 बजे वह अपने घर में थी, तभी गांव का महाजन सोनवानी उसके घर के सामने आकर नाती हर्षवर्धन को बाहर निकलने कह रहा था। साथ ही सायकल को नुकसान पहुंचाने का बात कहकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसके नाती हर्षवर्धन ने मना किया तब आरोपी ने महाजन सोनवानी डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# नहाते ग्रामीण पर लकड़बग्घे ने किया हमला, संघर्ष के दौरान पानी में डूबने से हुई लकड़बग्घे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र इंदागांव देवभोग से एक सनसनी खेज मामला सामने आया है तालाब में एक ग्रामीण के नहाते समय लकड़बघ्घा ने तालाब के अंदर कूदकर ग्रामीण पर हमला कर दिया ग्रामीण अपने जान बचाने के लिए लकड़बघ्घा के साथ भीड़ गया इस दौरान लकड़बघ्घा के तालाब में डुबने से मौत हो गई जिसकी जानकारी वन विभाग को देने के बाद उपवनमंडलाधिकारी मनोज चंद्राकर की उपस्थिति में तालाब से लकड़बघ्घा के शव को बाहर निकाला गया। नर वन्यप्राणी लकड़बघ्घा की लंबाई 105 सेंमी, गोलाई 74 सेंमी, पूंछ की लंबाई 32 सेमी उम्र 5 वर्ष पाया गया। तीन

**आत्मरक्षा के दौरान घायल हुआ ग्रामीण युवक**





डॉक्टरो की उपस्थिति में बकायदा नियमानुसार पोस्ट मार्डम कर लकड़बघ्घा का विधिवत वन विभाग द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। वन अपराध क्रमांक 20961/03 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वनपरिक्षेत्र इंदागांव अंतर्गत ग्राम करलाकोट में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां तालाब में नहाते समय एक ग्रामीण पर नर लकड़बग्घे ने अचानक हमला कर दिया आत्मरक्षा में ग्रामीण द्वारा किए गए प्रयास के दौरान लकड़बग्घा तालाब के पानी में डूब गया, जिससे लकड़बघ्घा की मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार सुबह 8 बजे ग्राम करलाकोट निवासी केशबो वल्द खेमानिधि नागेश उम्र 45 वर्ष गांव के तालाब ▶▶|शेष पेज 10 पर

## विडंबना : स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही है धज्जियां

# कचरा उठाने के लिए करोड़ों की लागत से खरीदे गए रिक्शे कबाड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गांव और शहरो को स्वच्छ तथा साफ सुथरा बनाने लाखो करोड़ो रूपये पानी तरह बहाया जा रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कितना लाभ मिल रहा है मॉनीटरिंग करने वाला कोई नही है जिसके कारण जिले के भीतर कई ग्राम पंचायत क्षेत्रे में स्वच्छ भारत मिशन अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है ग्राम पंचायत व गांवों मे कचरा उठाने के लिए लाखो करोड़ो रूपये खर्च कर डेढ़ वर्ष पहले सायकल रिक्शा की खरीदी किया गया है लेकिन मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के कोई भी ग्राम पंचायतो में इन रिक्शा का उपयोग कचरा फेंकने के लिए नही किया जा रहा है और तो और कचरा फेंकने वाला रिक्शा कचरा और गंदगी के ढेरो मे पड़ा पड़ा सड़ रहा है इसके संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है

- मैनपुर तहसील मुख्यालय सहित सभी ग्रापं में जिपं से भेजी गई सायकिल रिक्शा हैं अनुपयोगी





**क्या कहते हैं अधिकारी**

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी ने चर्चा मे कहा रिक्शा कब खरीदा गया था इसके बारे में उन्हे जानकारी नही है लेकिन ग्राम पंचायतो को रिक्शा मिला है कचरा की सफाई के लिए तो इसका उपयोग किया जाना चाहिए और इसके लिए निर्देश जारी करेंगे।





**रिक्शा के डिजाइन में खामी, महिलाओं को चलाने में हो रही परेशानी**

ग्राम पंचायतो में सायकल रिक्शा को समूह की महिलाओं को देने के लिए कई बार प्रयास किया गया लेकिन इस रिक्शा को चलाने मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रिक्शा की डिजाईन मे ही कई खामियां बताई जा रही है इसको चलाने मे महिलाओं को भारी ताकत लगाना पड़ेगा साथ ही दो लोगो को पीछे से सायकल को धक्का मारना पड़ेगा सायकल रिक्शा मे एक तरफ गीला और एक तरफ सूखा कचरा डालने के लिए बॉक्स बनाया गया है लेकिन रिक्शा मे कचरा भर देने से इसका वजन इतना ज्यादा होगा कि इसे चलाना तो बहूत दूर इसे हाथ से धक्का देना भी मुश्किल है इसलिए यह क्षेत्र मे फ्लॉप साबित हुआ।

जबकि इस मामले की निष्पक्ष जांच किया जाये तो लाखो रूपये के भ्रष्ट्राचार के मामले सामने आयेंगें।

जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत सायकल रिक्शा भेजा गया है और तो और मोटर वाला ईरिक्शा वाहन खरीदा गया लेकिन अब इस रिक्शा का उपयोग कचरा ▶▶|शेष पेज 10 पर



## महानदी पुल पर रेत का जमावड़ा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महानदी पुल में सड़क के दोनो ओर भारी मात्रा में रेत जमा हुआ है जो कभी भी बड़ा हादसे का कारण बन सकता है। बता दें कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन द्वारा स्टॉपर लगाकर सड़क को दो भागो में बांटा गया है। एक तरफ से आना दूसरी तरफ से जाना। बड़ा सवाल यह है कि रायपुर की ओर से आने वाले दुपहिया सवारो को पुल में इस जमे हुए रेत की वजह से हादसे का डर बना हुआ है। क्योंकि पीछे से आने वाली गाड़ियो को साइड देने की मजबूरी जो होती है। ऐसे में दुपहिया का चक्का रेत में फिसल सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। इस पर विभाग के जिम्मेदार ध्यान क्यों नही दे रहे है? समझ से परे है।

एक तरह से कहा जाए कि पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे विभाग की घोर लापरवाही ने इस पुल को दुर्घटनाओं का केंद्र बना दिया है कहें तो कोई गलत नही होगा। बड़ा सवाल यह है कि पीडब्ल्यूडी क्या किसी बड़ी जानलेवा दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुल पर रेत जमा होने की स्थिति कई दिनों से बनी हुई है। सड़क में पड़े रेत के ढेर को दो दिन पहले थोड़ा हटाने का प्रयास जरूर किया गया लेकिन एक बड़े हिस्से में इकट्ठे हो गए रेत दुर्घटना का कारण बन सकता है। अभी राजिम मेला चल रहा है। गाड़ियो का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय अधिकतर लोग दोपहिया से ही आना-जाना करते है। ऐसे में किसी भी दिन गाड़ी स्लीप होती है तो बड़ी दुर्घटना हो सकता है। थोड़ी सी चूक किसी भी वक्त बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र रेत हटाकर सड़क को सुरक्षित नहीं किया गया, तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की सीधी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे विभाग की होगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**एनएच-130सी पर मौत का सिलसिला जारी, मैनपुर क्षेत्र में दहशत का माहौल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर गरियाबंद देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्य मार्ग में इन दिनो लगातार दुर्घटनाएं बढ़ जाने से लोगो में भारी दहशत और डर देखने को मिल रहा है एक बार फिर मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग खून से लाल हो गया। ग्राम जिड़ार निवासी महेश नेताम पिता तुलसीराम नेताम उम्र लगभग 40 वर्ष धवलपुर की तरफ से मैनपुर जिड़ार अपने घर मंगलवार शाम 6-7 बजे के बीच मोटर साइकिल से लौट रहा था कि अचानक दबनई नाला के पास अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महेश नेताम ग्राम जिड़ार निवासी मंगलवार शाम को मोटर साइकिल से मैनपुर की तरफ लौट रहा था कि अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक सड़क में गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा इसकी जानकारी लगते ही मैनपुर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और युवक को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया लेकिन युवक की मौत हो गई। आज सुबह बुधवार को युवक का पोस्ट मार्डम कर परिजनो को शव सौप दिया गया वही इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगो में भारी नराजगी देखने को मिल रही है इस सड़क में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है और अज्ञात वाहन पुलिस की पकड़ में नही आ पाता।





**पुलिस जांच में जुटी**

**ट्रैक्टर ने ग्रामीण को मारा टक्कर घायल-** मैनपुर तहसील मुख्यालय में एक अन्य घटना में टायर दुकान के पास धान से भरा ट्रैक्टर ने एक ग्रामीण के साइकिल को टक्कर मार दिया जिससे ग्रामीण गिर गया और उसके हाथ पैर सिर मे चै जिसे तत्काल आसपास के लोगो ने अस्पताल पहुंचाया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

**दो ग्रामीणो को कुत्ता ने काटा मैनपुर अस्पताल में इलाज जारी-** मैनपुर क्षेत्र में पिछले दो दिनो के भीतर आवारा कुत्तो के आतंक से भी ग्रामीण भारी दहशत मे है ग्राम जिड़ार निवासी विष्णुराम को एक आवारा कुत्ता ने दौड़ाकर काट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका मैनपुर अस्पताल इलाज किया जा रहा है। वही एक अन्य महिला दामिनी बाई उदंती को भी आवारा कुत्ते ने काट दिया।

# पर्यटन मंत्री ने मेले का लिया जायजा कहा- श्रद्धालुओं को असुविधा न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने बुधवार को मेले का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। व्यवस्थाओं को लेकर उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जहां-जहां कमियां नजर आ रही हैं, उन्हें ठीक करें। आयोजन को भव्य और बेहतर बनाएं। भ्रमण के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने आजीविका मिशन बिहान की दीदीयां छत्तीसगढ़ी व्यंजन अरसा, बड़ा, फरा का स्वाद लिया। मंत्री ने कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पास संतों के लिए निर्मित कुटियों और पंडाल की व्यवस्थाओं को देखा। मंत्री ने श्री चक्र महामेरु पीठ दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज से आशीर्वाद लिया। खास बात यह रहा कि उन्होने कुंभ की भव्यता बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री के निरीक्षण के दौरान उनके साथ राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहे।



## पोंड में श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के साथ सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन व रंगमंच का लोकार्पण

# धर्म और विकास समाज की पहचान : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम पोंड में आयोजित त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ धार्मिक आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का भव्य संगम बनकर सामने आया। महायज्ञ के पावन अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र को कई विकास कार्यों की सौगात मिली। इस दौरान आदिवासी पैकरा समाज सामुदायिक भवन तथा रामनगर पारा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया, वहीं टिनशेड निर्माण कार्य एवं रंगमंच का विधिवत लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ।

महायज्ञ के दौरान मानस पाठ, हवन-यज्ञ, प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीरामचरित मानस महायज्ञ जैसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और विकास दोनों का संतुलन ही सशक्त और समृद्ध समाज की नींव रखता है। विधायक साहू ने गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की बात कहते हुए कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों के केंद्र बनेंगे और रंगमंच ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने विकास कार्यों को जनसहयोग और सकारात्मक सोच का परिणाम बताया। जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने महिला एवं युवा सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा ग्रामीणों ने महायज्ञ ▶▶|शेष पेज 10 पर



# 11 किलो गांजा बरामद, तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, रायपुर अमरेश मिश्रा के दिशा निर्दोर्गदर्शन में रेंज स्तर पर ऑपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है जिसके परिपालन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध गांजा,हीरा के साथ वन्य जीवों के तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। 3 फरवरी को थाना प्रभारी फिंगेश्वर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि 03 व्यक्ति एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07-सी.डी. 0616 में अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रख कर उड़ीसा की ओर से फिंगेश्वर की ओर आ रहा है।सूचना दस्तदीक पर थाना प्रभारी फिंगेश्वर के द्वारा पुलिस स्टाफ भेज कर संदिग्ध ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नकाबपोशों ने स्कूटी सवार के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से चिखली से गढ़सिवनी आ रहे एक व्यक्ति के साथ चार नकाबपोश लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 जनवरी को रामदास पाटिल अपने डेढ़ साला महेश कुमार गेंड्रे और उसकी पत्नी संगीता के साथ स्कूटी से ग्राम चिखली से वापस ग्राम गढ़सिवनी आ रहा था। रात्रि करीब 08 बजे ग्राम जोबा से गढ़सिवनी रोड नहर नाली के पास पहुंचने पर पीछे से दो मोटर सायकल में 04 अज्ञात व्यक्ति आये और स्कूटी को पैर से धक्का दे दिया, तभी नकाब बांधे चारों अज्ञात व्यक्ति स्कूटी को रोक कर लोहे के राड से प्रार्थी एवं महेश कुमार गेंड्रे के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट से प्रार्थी के बाएं हाथ की कलाई व माथे में चोंट लगा है। वहीं महेश कुमार गेंड्रे के बांए पैर में चोट लगी। प्रार्थी इलाज कराकर वापस आने के बाद मामले की तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 118(2), 127(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**कुरुद।** कुरूद कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बीए और बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 18 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे होगी। इसमें बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष केवल गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व छात्र, बीए बीएससी तृतीय वर्ष के नियमित, गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व सभी छात्र शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड पर भूगोल विभाग के प्राध्यापकों से 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करवा लें। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व अपनी प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री के साथ विभाग में उपस्थित होना होगा।

### पीएम अजय के लिए शिविर 10 से 25 तक

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण राशि 1 लाख रूपये, जिसमें अनुदान राशि 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि योजना में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार करने 10 से 25 फरवरी तक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाएगा। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दूधवारा में 10 फरवरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोड़ापार में 13 फरवरी, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 18 फरवरी और कुरूद विकासखण्ड के रावनगुड़ा में 25 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह सभी शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# राजिम कुंभ में मां गंगा की भव्य महाआरती, विधायक रोहित साहू हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान राजिम संगम में मां गंगा की भव्य आरती जबलपुर से पधारी साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में हो रहा है। इस महाआरती में बड़ी संख्या में साधु-संतों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होकर आध्यात्मिक वातावरण के साक्षी बन रहे हैं। महाआरती में राजिम विधायक रोहित साहू भी विशेष रूप से शामिल हुए और महानदी की आरती उतारी।

मेले में प्रतिदिन शाम 7 बजे महानदी घाट पर 11 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती की शुरूआत होती है। आरती के दौरान घाट का दृश्य अत्यंत मनोहारी और भावविभोर कर देने वाला होता है। जबलपुर से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराई जा रही आरती की विधि अपने आप में विलक्षण है। शंखनाद, कपूर, दीप, चवर एवं मंत्रोच्चार के साथ एक साथ प्रज्वलित होती महाआरती से पूरा मेला परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। वैसे तो राजिम कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की यह विशेष अभिलाषा रहती है कि वे किसी न किसी दिन महानदी की महाआरती के साक्षी अवश्य बनें। इसी कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आरती घाट पर पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि आरती से मन को शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है, नकारात्मकता दूर होती है तथा आध्यात्मिक उन्नति होती है। महानदी की आरती से आध्यात्मिक शांति मिलती है। आरती घाट में समुद्र मंथन का आकर्षक दृश्य आरती घाट के पीछे ऊंचाई पर समुद्र मंथन का भव्य झांकी बनाया गया है, जिसमें एक ओर देवता तो दूसरी ओर दानव वासुकी नाग को पकड़े हुए मंदराचल पर्वत को मथनी बनाकर खींचते हुए दिखाई देते हैं। समुद्र मंथन का यह दृश्य श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है और महाआरती की भव्यता में चार चांद लगा रहा है।

**बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक अनुभव**

**कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान -विधायक रोहित**

महाआरती के पश्चात विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। महानदी की महाआरती से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि राजिम कुंभ में काशी और प्रयागराज जैसी दिव्यता का अनुभव हो रहा है। मैं सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूं कि वे इस पावन आयोजन में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करें।



**महाआरती में ये हुए शामिल**

महाआरती में नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू की धर्मपत्नी कांतिदेवी साहू, नगर पालिका सभापति आकाश सिंह राजपूत, भरत यादव, पार्षद सुरेश पटेल, बलराम यादव, अजय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, भाजपा नेत्री खुशी साहू, देवकी साहू, श्री राजीव लोचन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष छाया राही, मधु नत्थानी, रीतु वर्मा, कुसुम सोनी, अभनपुर पार्षद चंपा लेदेकर एवं मीना साहू, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

**प्रवचन : गीता ज्ञान पाठ, हवन पूर्णाहुति और महाभंडारे के साथ संपन्न ताहांत आयोजन**

# अश्रद्धा से किए कर्म का फल न तो इस लोक न ही परलोक में मिलता है: पं मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम रोहिना में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताहांत के अंतिम दिवस बुधवार को गीता ज्ञान पाठ , हवन पुर्णाहूति , प्रसादी महाभंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए के साथ भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा की उनके निवास स्थान सिद्ध विनायक मंदिर फिंगेश्वर बिदाई प्रस्थान दी गई। प. त्रिभुवन मिश्रा ने गीता ज्ञान पाठ बताते कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के मोक्ष संन्यास योग के आठवें अध्याय की प्रथम श्लोक में भगवान कृष्ण अर्जुन से कहते हैं- हे पार्थ , अश्रद्धा से किया हुआ हवन, दिया हुआ दान, तपा हुआ तप और जो कुछ भी किया जाए वह असत्य कहा जाता है और उसका फल न तो यहाँ मिलता है और न ही मरने के बाद मिलता है।

महाराज ने आगे कहा इस अध्याय के प्रारंभ अर्जुन द्वारा व्यक्त की गई जिज्ञासा से हुआ था, जिसमें वे पूछते हैं कि जो मनुष्य शास्त्र विधि का त्याग करके श्रद्धापूर्वक पूजन करते हैं, उनकी निष्ठा फिर कौन-सी है , सात्त्विकी है अथवा राजसी-तामसी , अर्जुन की इस जिज्ञासा का उत्तर देते हुए भगवान कृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि सात्त्विक मनुष्य देवताओं का पूजन करते हैं, राजसी मनुष्य यक्षों तथा राक्षसों का एवं तामसी मनुष्य प्रेतों और भूतगणों का पूजन करते हैं। इसके उपरांत श्रीभगवान यज्ञ, तप एवं दान के साथ ही आहार का वर्गीकरण भी तीनों गुणों के आधार पर करते हैं। अतः वैदिक सिद्धांत को मानने वाले समस्त कर्मों को उन्हीं को समर्पित करते हैं। उसी शाश्वत सत्य को स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं कि यज्ञ तप तथा दानरूप क्रिया में जो निष्ठा है, वह सत्य कही जाती है और उस परमात्मा के निमित्त किया जाने वाला कर्म भी सत्य कहा जाता है। इसके विपरीत असत्य कर्म का परिणाम न तो इस लोक में मिलता है और न ही परलोक में मिलता है।

**इन्होंने दी विदाई-** भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा को आयोजन यादराम, अशोक, नरेश, पवन, रेखा महेश, देवंतिन देवांगन मनोज देवांगन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू सरपंच रोहिना, उमेश, कुंवर, जोहनू, रामजी, माधो, ऐतराममलालजी, मोहन, चुम्मन, पुर्व सरपंच होमन साहू, यादराम, ओमप्रकाश देवांगन परिवार रोहिना, नियमित श्रोताओं ने भिगी आंखों से सम्मान पुर्वक बिदाई प्रस्थान दी गई।

**मनुष्य का वास्तविक वैभव है संस्कार**

भगवताचार्य पं त्रिभुवन मिश्रा ने रोहिना ग्राम के इसी व्यासपीठ से एक कथा प्रसंग के दौरान कहा कि मनुष्य का वास्तविक वैभव उनका संस्कार है। आगे कहा कि मनुष्य का वास्तविक वैभव उसके ज्ञान या पद में नहीं, बल्कि उसके संस्कारों में निहित है। ज्ञान किसी को बाहरी जगत का अधिकारी बना सकता है, किंतु संस्कार ही उसे भीतर से महान बनाते हैं। यही कारण है कि भारत की प्राचीन शिक्षापद्धति केवल बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह विद्यार्थियों के चारित्रिक उत्थान और नैतिक परिष्कार का भी साधन थी। प्राचीन भारत में शिक्षा का केंद्र गुरुकुल हुआ करते थे। वहाँ विद्यार्थी केवल गणित, व्याकरण, वेद-वेदांग या अस्त्र-शस्त्र चलाना ही नहीं सीखते थे, बल्कि सबसे पहले स्व-नियंत्रण, अनुशासन और संयम का अभ्यास करते थे। गुरु का आचरण ही विद्यार्थियों के लिए जीवंत पाठ्यपुस्तक होता था। शिष्य उनके आचार-विचार से प्रेरणा लेते और जीवन में उन मूल्यों को उतारते थे। यही कारण था कि प्राचीन भारत ने ऐसे आचार्य दिए, जिन्होंने न केवल समाज, बल्कि संपूर्ण मानवता को दिशा मनुष्य का मन यदि असंयमित हो तो वह - उसका सबसे बड़ा शत्रु सिद्ध होता है। मन में उठने - वाली वासनाएँ, इच्छाएँ और विकार व्यक्ति को - भटका देते हैं। इसी को रोकने के लिए शास्त्रों ने कहा है, मन ही मनुष्य के बंधन और मुक्ति का कारण है। यदि मन विकारों में फस गया तो वह पतन का मार्ग प्रशस्त करेगा और यदि साधना द्वारा शुद्ध कर लिया गया तो वही मुक्ति का द्वार बन जाएगा। इससे पहले ग्राम रोहिना में बुधवार को 27 से 4 फरवरी तक चल रहे भागवत कथा समापन हूआ।



# मैनपुर में महिला की बेरहमी से हत्या, चरित्र विवाद बना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसा ग्राम गरीबा से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई जिसमें एक महिला द्वारा दो महिलाओ के चरित्र को लेकर लोगो के सामने कीचड़ उछालना इतना महंगा पड़ा कि दोनो महिलाओ ने बकायदा प्लानिंग कर चरित्र पर लांछन लगाने वाली महिला सुमित्र नेताम के गुप्तांक मे पहले मिर्च व ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे तड़पाया और बाद पीट पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस द्वारा इस मामले में तत्परता बरतते हुए आरोपी महिला ईतवारीन बाई एवं सुगंतीन नेताम को आज गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। 2 फरवरी को मैनपुर विकासखण्ड के थाना शोभा अंतर्गत मर्ग क्र. 01/2026 धारा 194 बीएनएसएस की जांच किया, जांच के दौरान महिला दीनपबाई नेताम पति जोलू राम नेताम उम्र 34 वर्ष साकिन गरीबा थाना शोभा जिला गरियाबंद एवं अभीराम नेताम, रायमन नेताम, जयदेव नेताम, सरजु राम नेताम का कथन लिया गया जो कथन मे बताये कि मृतिका सुमित्र बाई उडीसा चितरकोटी से अपने पति दलसु नेताम के साथ आयी थी। जो लारी में झोपडी बनाकर रह रही थी। जो आरोपी महिला सुगंतीन नेताम एवं इतवारीन बाई को उनके चरित्र को लेकर गाली गलौच भला बुरा कहकर गांव में आकर बोलती रहती थी। आरोपी महिलाओं के द्वारा मृतिका सुमित्र बाई के लारी में जाकर हम दोनो को बदनाम करती हो कहकर एक राय होकर जान से मारने की नियत से घसीटते हुए लात घूसा से मारपीट एवं हांथ, मुक्का से मारपीट करने से मृतिका सुमित्र बाई के शरीर के विभिन्न जगह चोंट आने से उसकी मृत्यु हो गई।

**न्यायिक हिरासत में आरोपी**



पुलिस द्वारा आरोपी महिला इतवारीन बाई पति सुकुराम नेताम उम्र 46 साल एवं सुगंतिन नेताम पति सरजु राम नेताम उम्र 36 साल साकिनान ग्राम गरीबा थाना शोभा जिला गरियाबंद (छग) को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर चरित्र संदेह को लेकर गांव–गांव में जाकर बदनाम करने से हाथ, मुक्का, लात, घूसा से मार–पीट कर हत्या करना जुर्म स्वीकार करने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# महिला सशक्तिकरण व सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में हुआ प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

- एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन की पहल से ग्रामीण महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के द्वारा ग्राम रसेला में महिला सशक्तिकरण व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में नारी शक्ति कटाई,सिलाई का शुभारंभ किया गया। केन्द्र का उद्घाटन जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक, पंच रजनी बाई यादव, सरिता ठाकुर, यशराम यादव, भूषण साहू ने भारत माता, सरस्वती माता व छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छी शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास भी आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि परिवार चलाने के लिए आर्थिक संसाधनों की जरूरत होती है, और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए हुनरमंद होना अनिवार्य है। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए घर से बाहर जाकर रोजगार करना अक्सर कठिन होता है, क्योंकि संसाधनों की कमी,इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यहां संस्था ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षित करती है, ताकि वे घर पर ही स्वरोजगार कर सकें। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसी कड़ी में ग्राम पटेल लोकराम यादव,डी आर यादव, कमलेश्वर नायक ने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ेगी और आर्थिक रुप से सशक्त होगी। इस दौरान मनोहर यादव ,ट्रेनर संगीता साहू ने बताया कि यहां प्रशिक्षण केंद्र 3 माह तक चलेगा और दो पालियों में संचालित किया जाएगा। और केंद्र के उद्देश्य व कार्ययोजना की जानकारी दी गई। इस मौके पर रसेला, रूवाड,मेडकीडबरी, सुरगपानी की युवतियां और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# केंद्रीय बजट 2026 है 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव : अमित चिमनानी

**राजिम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने गिनाईं बजट की प्रमुख उपलब्धियाँ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं गरियाबंद जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी ने विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में बुधवार को राजिम रेस्ट हाऊस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट की प्रमुख विशेषताओं और आंकड़ों को विस्तार से रखा। कहा कि यह बजट केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास के दीर्घकालीन रोडमैप को स्पष्ट करता है, जिससे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी भी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजिम विधायक रोहित साहू, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू तथा भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक सागर मयाणी उपस्थित थे। श्री चिमनानी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और मध्यम वर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला दस्तावेज है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

**युवा और तकनीक : रोजगार का नया इंजन-** उन्होंने बताया कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास पर ऐतिहासिक फोकस किया गया है। देश में 5 नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप स्थापित की जाएंगी। एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक) सेक्टर में 2030 तक 20 लाख प्रोफेशनल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। स्कूल और कॉलेजों में एवीजीसी लैब स्थापित होंगी, जहां एनिमेशन, गेम डिजाइन और विजुअल इफेक्ट्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य पूरा होगा। डाटा सेक्टर में निवेश बढ़ाने के लिए डाटा कंपनियों को 2047 तक शून्य टैक्स की सुविधा दी गई है।

**छत्तीसगढ़ को मिली विशेष सौगात-** श्री चिमनानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह बजट अत्यंत लाभकारी है। छत्तीसगढ़, ओडिशा और केरल के लिए विशेष माइनिंग कॉरिडोर की घोषणा की गई है। तेंदूपत्ता पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत करने से लाखों संग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे विकास के लिए छत्तीसगढ़ को 7,470 करोड़ रुपए मिले हैं, जो गोवा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड से अधिक है।



# 1100 रुद्राक्ष धारण कर तपस्या में लीन हुए नीलगिरि महाराज, अखंड भक्ति का दिखा जीवंत उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

कुंभ कल्प मेला 2026 में साधु-संतों की साधना, वेशभूषा और तपस्या श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण और जिज्ञासा का केंद्र बनी हुई है। कुंभ मेला परिसर में कई ऐसे दृश्य देखने को मिल रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि साधना का मार्ग कितना कठिन और अनुशासित होता है। कुंभ मेले में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों का आगमन लगातार जारी है। अब तक 40 से अधिक संत-महात्मा राजिम पहुंच चुके हैं, जिनमें दशनाम जूना अखाड़ा और आवाहन अखाड़ा प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी क्रम में जूना अखाड़ा से पहुंचे महंत नीलगिरि महाराज श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

महंत नीलगिरी महाराज 1100 रुद्राक्ष को दिनभर अपने सिर पर धारण करते हैं और केवल रात्रि विश्राम के समय ही उन्हें उतारते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष धारण करना उनकी भक्ति और साधना का अभिन्न हिस्सा है। भजन और साधना के दौरान वे निरंतर रुद्राक्ष धारण किए रहते हैं तथा रात्रि में विश्राम के समय ही उन्हें हटाते हैं। महंत नीलगिरि महाराज ने बताया कि विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और कठिन साधना के समय रुद्राक्षों की संख्या बढ़ाई जाती है। उन्होंने इसे 12 वर्षों की तपस्या का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि वे राजिम कुंभ मेला में पहली बार आए हैं और मेला समापन तक यहीं प्रवास करेंगे।

कुंभ की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए महंत नीलगिरी महाराज ने बताया कि देश में चार प्रमुख कुंभ नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में आयोजित होते हैं, जबकि राजिम को पांचवां कुंभ माना जाता है, जहां सनातन धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न होते हैं। जब उनसे रुद्राक्षों के भार को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें किसी प्रकार का भार महसूस नहीं होता, यह उनके गुरु की कृपा है। उन्होंने नागा साधुओं की दीक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि 16 पिंडदान के पश्चात 17वां पिंडदान स्वयं का होता है, जिसके बाद साधक नागा साधु बनता है।



पेज 9 के शेष...

### नहाते ग्रामीण पर...

में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक नर लकड़बग्घा तालाब के पास आ पहुंचा और ग्रामीण पर हमला कर दिया अचानक हुए हमले से ग्रामीण घायल हो गया जान बचाने के लिए किए गए संघर्ष के दौरान वन्यप्राणी लकड़बघ्घा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। **मौके पर पहुंचा वन अमला-** घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग देवभोग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम द्वारा मृत लकड़बग्घे को जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। नियमानुसार मौके का पंचनामा तैयार कर शव को फॉरेस्ट कैंपस देवभोग लाया गया। गरियाबंद वन मंडल के उपवनमंडलाधिकारी मनोज चंद्राकर एवं देवभोग वन परिक्षेत्र अधिकारी लंबोधर सोरी, वन अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में तीन डॉक्टरो द्वारा पोस्ट मार्डम किया गया और लकड़बघ्घा का दाह संस्कार किया गया।

### कचरा उठाने के...

फेंकने के लिए नही किया जा रहा है गांव की गलियों मे जाकर घरो से कचरा ईकट्ठा करने के लिए रिक्शा दिया गया है लेकिन इन रिक्शा का उपयोग एक दिन भी कई ग्राम पंचायतों मे नही किया गया है सबसे मजेदार बात तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत का है यहां दो रिक्शा दिया गया है दोनो रिक्शा कांजी हाउस के कचरे के ढेर मे पड़े पड़े सड़ रहा है इसके चक्के तक गायब हो गये है और इस रिक्शा का उपयोग कचरा फेंकने के लिए अबतक नही किया गया है क्षेत्र के भुवन दीवान, देवराम नागेश, शिशुपाल, अजीत कुमार ने बताया ग्राम पंचायत लाखो रूपये की लागत से 4–5 रिक्शा लाया गया है लेकिन इस रिक्शा का उपयोग कचरा फेंकने के लिए एक दिन भी नही किया गया है बल्कि खुद कचरे के ढेर मे समा गया है, इसी तरह ग्राम पंचायत जिड़ार, ग्राम पंचायत गोपालपुर, देहारगुड़ा, भाठीगढ़, हरदीभाठा, मैनपुर कला, शोभा, बोईरगांव, अमलीपदर, गोहरापदर, मुड़गेलमाल, कोदोभाठा, कुहीमाल सहित दर्जनो ग्राम पंचायतों मे सायकल रिक्शा दिया गया है लेकिन इसका उपयोग नही हो रहा है जो एक बड़े सवाल को जन्म देता है कि सायकल रिक्शा खरीदी के पीछे कचरा साफ करना नही बल्कि कमीशन खोरी को बताया जा रहा है। **डेढ़ दो वर्ष पहले जिला पंचायत से हुआ था रिक्शा की खरीदी-** मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहतंद जिले में जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन के मद से वित्तीय वर्ष 2023 में करोड़ो रूपये की लागत से ईरिक्शा खरीद कर पंचायतो मे भेजा था लेकिन घटिया और स्तरहीन सामाग्री के चलते शुरू मे कई रिक्शा नही चल पाया और अब तक कबाड़ में पड़ा हुआ है इस मामले में लगातार जॉच के मांग के बावजूद अब तक जॉच नही हो पाई।

### धर्म और विकास...

और विकास कार्यों के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। **ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ सागर मयानी, टीकम साहू, स्निग्धा शर्मा, गौतम शर्मा, जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच कौशिल्या कंवर, उपसरपंच कुलेश्वर साहू सहित हरीश साहू, राजू साहू, पंकज निर्मलकर, मदन निषाद, भोलाराम साहू, तुलाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, यशवंत साहू, गोपाल साहू, बिशहत साहू, घासीराम साहू, बारातू साहू, राजेंद्र साहू, मनीराम तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनूराम सिन्हा ने किया।

### 11 किलो गांजा...

वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिये।वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन सीसी 07–सी.डी. 0616 को आते देख कर मोटर सायकल को पुलिस स्टाफ द्वारा रोक कर मोटर सायकल चालक एवं मोटर सायकल में पीछे बैठे व्यक्तियों का नाम पता पुछने पर मोटर सायकल चालक के द्वारा अपना नाम राकेश ठाकुर पिता गैंदू ठाकुर उम्र 42 वर्ष, संजय उके पिता स्व बाल कुमार उके उम्र 42 वर्ष एवं परमानंद साहू पिता किशन साहू उम्र 36 वर्ष सभी का निवास बैकुठधाम वार्ड नम्बर 31 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग छ.ग. का रहने वाला बताय गया।तीनो के कब्जे से प्राप्त 11 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा मादक पदार्थ कीमती 05 लाख 50 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 60 हजार रूपये,02 नग मोबाइल कीमती 10 हजार कुल जुमला 06 लाख 20 हजार रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर पुलिस ने अपने कब्जे मे लिया पुलिस लिया। उक्त दोनो आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी 01 राकेश ठाकुर 02) संजय उके 03) परमानंद साहू को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**खबर संक्षेप**



## युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : दीपक

**कोपरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। बैठक में प्रदेश प्रचार-प्रसार सह प्रमुख भाजयुमो छत्तीसगढ़ दीपक साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यशैली एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। दीपक साहू ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भाजयुमो युवाओं को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने, सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई।

## रजत जयंती समारोह में छात्रों ने लिया हिस्सा

**पिथौरा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पिथौरा के कार्यपालन अभियंता बी दीवान के मार्गदर्शन में पीएम स्वामी आत्मानंद रणजीत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 03 फरवरी को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं चित्रकला चार विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। रजत महोत्सव के अवसर पर सहायक अभियंता पिथौरा गजभिए द्वारा विद्यार्थियों को सीएसपीडीसीएल के 25 वर्षों की उपलब्धियों, प्रगति एवं विकास यात्रा से अवगत कराया गया, जिसे बच्चों ने विशेष रुचि के साथ सुना। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, शिक्षकगण एमके भोई, आरके होता, एस चंद्राकर (व्याख्याता) सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कार्यपालन अभियंता बी. दीवान द्वारा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय पटेल कार्यालयीन स्टाफ द्वारा किया गया।

## वेडनर स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ आशीर्वाद समारोह

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह.फादर जार्ज कवालम एवं शाला के प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आशीर्वचन देते हुए कहा कि स्कूल बच्चों को जीवन के मूल सिद्धांत प्रदान करता है प्राचार्य ने भी अपने आशीष वचनों में कहा कि जीवन एक चुनौती है उस चुनौती का सामना करके ही आगे बढ़ सकते है, सुख-दुख दोनों परिस्थितियों में सामान्य रहकर आगे बढ़ना है।

**प्रतियोगिता : खेल मैदान में दिखा जोश, विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन**

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा संपन्न







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल भावना का विकास करना, शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ाना तथा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, पार्षद रेणुका साहू, पार्षद मधु देवांगन तथा अपर कलेक्टर (प्रभारी खेल अधिकारी) ऋषा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा स्वस्थ जीवनशैली विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करते रहने और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

**इनका रहा विशेष सहयोग**

जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन ब्लॉक नोडल गरियाबंद संजीव साहू, ब्लॉक नोडल देवभोग रमेश ठाकुर, गिरीश शर्मा, शिक्षकों और व्यायाम शिक्षकों के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग-** प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंडों से आई महिला खिलाड़ियों ने तवा फेंक, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 100 मीटर तथा 400 मीटर दौड़, रस्साकसी, कुश्ती और वेटलिफ्टिंग सहित अनेक खेल विधाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अनुशासन, उत्साह और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। 09 से 18 वर्ष आयुवर्ग में 100 मीटर दौड़ में दिव्या भारती प्रथम और गुंजा नेताम द्वितीय रही। 400 मीटर दौड़ में महेश्वरी प्रथम और यामिनी द्वितीय रही। तवा फेंक में पुष्पाजंली ध्रुव प्रथम तथा नमिता द्वितीय रही। बैडमिंटन एकल में प्रज्ञा साहू प्रथम और तेजश्वनी ध्रुव द्वितीय रही। बैडमिंटन युगल में ख्याति साहू और प्रेरणा कश्यप प्रथम तथा तेजश्वनी ध्रुव और दीपाली यादव द्वितीय रही। कुश्ती में चांदनी डोंगरे और चेतना नागेश प्रथम रही। खो-खो में विकासखंड फिंगेश्वर प्रथम तथा गरियाबंद द्वितीय रहा। रस्साकसी में विकासखंड गरियाबंद प्रथम तथा देवभोग द्वितीय रहा। वॉलीबॉल में विकासखंड गरियाबंद प्रथम तथा मैनपुर द्वितीय रहा। 18 से 35 वर्ष आयुवर्ग में 100 मीटर दौड़ में हितेश्वरी ध्रुव प्रथम और नोमिन ध्रुव द्वितीय रही। 400 मीटर दौड़ में निर्मला प्रथम और तेजश्वरी द्वितीय रही। तवा फेंक में सरिता दीवान प्रथम तथा पूनम द्वितीय रही। बैडमिंटन एकल में अंशु लहरे प्रथम और अंकिता द्वितीय रही। बैडमिंटन युगल में खुशी और सिमरन प्रथम रही। कुश्ती में पूनम मरकाम प्रथम रही तथा वेटलिफ्टिंग में खेमिन पटेल प्रथम रही। खो-खो में विकासखंड फिंगेश्वर प्रथम तथा छुरा द्वितीय रहा। रस्साकसी में विकासखंड मैनपुर प्रथम तथा गरियाबंद द्वितीय रहा। वॉलीबॉल में विकासखंड मैनपुर प्रथम तथा गरियाबंद द्वितीय रहा।

# नर्मदेश्वरनाथ महादेव शिवलिंग की हुई भव्य प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर। 1 फरवरी को नवचेतना केन्द्र गायत्री मन्दिर फिंगेश्वर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर देवांगन परिद्वारा नये शिव मंदिर मे नर्मदेश्वरनाथ महादेव शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना स्व.खेदूराम देवांगन की स्मृति में किया गया जिसको लेकर नगर के श्रद्धालु शामिल होकर पूजा अर्चना मे शामिल हुए। सार्वजनिक रूप से सभी के दर्शनार्थ शिव लिंग की स्थापना मे देवागन परिवार के स्व. खेदूराम की धर्म पत्नि देवकी देवी देवांगन, पुत्र रोशन देवांगन, पुत्रवधु कोमिला देवांगन, कु.गरिमा देवांगन, श्रेयांश देवांगन के पूर्ण सहयोग रहा।

इस अवसर पर पँडित ददद्दू महाराज एवं विजयशंकर महाराज के द्वारा पूजा सम्पन्न किया।कार्यक्रम पे उपस्थित देवकी देवी देवांगन, रोशन देवांगन, कोमिला देवांगन, गरिमा देवांगन, श्रेयांश देवांगन, पूरण देवांगन, गोपाल प्रसाद देवांगन, नरेंद्र देवांगन, जितेंद्र देवांगन, महेंद्र देवांगन, टेकराम देवांगन, कुंती देवांगन, तीजिया देवांगन, डाली देवांगन, गनेशिया देवांगन, अंशु देवांगन, सरस्वती देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, रत्ना देवांगन, रूबी देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, खूबचंद देवांगन, पप्पू देवांगन एवं ओमप्रकाश बंछोर, महावीर यादव, बसंत गुप्ता, अमृत यदु, राजू डागा, लालचंद सिन्हा, संतोष थदानी, मनोज शर्मा, जगदीशसाहू, एच.एल.साहू, नंदकुमार यादव, अर्जुन सिन्हा, शिवम सोनी, भोपाल सिन्हा, बाबूलाल सिन्हा, चिंताराम साहू,



घनाराम साहू, गोविन्द साहू, यशकुमार सिन्हा, ललित सिन्हा, कृष्णा साहू, राधेश्याम शर्मा, रोशन साहू, सुश्री कमला दलवानी, गीतू साहू, पूर्णिमा यादव, प्रफुल साहू, तोपेश्वरी सिन्हा, राखी डागा, बबली साहू, उमाबाई सिन्हा, ओमबाई सिन्हा, खुमीन सिन्हा, काजल सिन्हा, डामिन साहू, शोभना साहू, लता साहू, पार्वती कार्यक्रम पे उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा, जलाभिषेक, हवन पूजन पश्चात देवांगन परिवार के द्वारा भोजन महाप्रसादी भंडारा रखा गया।

# बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यों में आगे आना चाहिए : साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विद्यानिकेतन पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर का पांचवा वार्षिक उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया जिसमे राजिम विधायक रोहित साहू मुख्यअतिथि के रूप मे शामिल हुए। बच्चों की प्रतिभाओं ने लोगो को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सक परितोष कुदेशिया ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि में नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी,नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरि,फणिकेश्वर नाथ महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष राजू साहू,किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष हरित,पत्रकार अरेन्द्र पहाड़िया,वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती चांदनी कमलेश कश्यप वार्ड नंबर 09 श्रीमती शांति कोसरे विशेष रूप से उपस्थित थी।

विद्यालय के संचालक नरेंद्र रात्रे ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विद्या निकेतन का वार्षिक उत्सव प्रत्येक वर्ष एक थीम पर आधारित होता है।इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के थीम पर कार्यक्रम रखा गया है जिस पर छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य की प्रस्तुति विशेष तौर पर की गई है।इसके साथ ही वंदे मातरम के इतिहास के संबंध में नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ज्योतिबा फुले जो भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं उनकी जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका रही।विधायक रोहित साहू जी ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम मे भागीदारी होनी चाहिए जो बच्चों के सर्वांगिन विकास मे सहायक होता है।उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की बहुत ही सराहना की।इसके साथ ही बच्चों के साथ बहुत ही सहृदयता एवम् वात्सल्य पूर्ण वार्तालाप भी किया।अपने बीच क्षेत्र के विधायक को पाकर बच्चे हर्षित हुए।बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए तथा उनका उत्साह वर्धन करने के लिए विधायक रोहित साहू जी ने 11000 की राशि की भी बच्चों के लिए घोषणा की जिसका विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम के समापन की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य गुलाम फारुख खान ने की एवं सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गोवर्धन शरण महाराज के सांनिध्य में हुआ रामचरित मानस महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के गणेशपुर वार्ड क्रमांक 15 मे पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस महायज्ञ का भव्य रूप आयोजन समस्त वार्ड वासियों के सहयोग से स्कूल मैदान में किया गया। सिरकट्टी आश्रम के संत महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण महाराज के द्वारा श्री रामचरितमानस महायज्ञ किया गया जो 30 जनवरी से 3 फरवरी तक पांच दिवसीय रहा। इस महायज्ञ में सैकड़ो साधु संतों के साथ–साथ पूरे ग्रामवासी एवं आसपास के गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

प्रातः से श्री रामचरितमानस के चौपाइयों एवं महामंत्रें के साथ हवन आहुति अनेक जोड़ो के जजमान द्वारा आहुति डाला गया। तत्पश्चात संत गोवर्धन शरण महामंडलेश्वर महाराज एवं अन्य विद्वान साधु संतों का प्रवचन हुआ।दोपहर एवं रात्रि में समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्राम वासियों के लिए भोजन प्रसाद कौशल्या भंडार की व्यवस्था रही।दोपहर पश्चात साधु संतों के द्वारा महाआरती रामायण और रात्रि मे हरि कीर्तन एवं पंडवानी का




कार्यक्रम किया गया।चतुर्थ दिवस पर श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ के पावन अवसर पर शोभायात्र बारात के रूप में निकाला गया जहां पर लोगो ने संत गोवर्धन शरण ब्यास जी के घर घर पहुंचने पर भगवान के दश्रन के साथ पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिया।अंतिम दिवस में गीता का आयोजन हुआ एवं मानस महायज्ञ णाहुति के साथ सभी के सुखी समृद्ध एवं निरोग जीवन की कामना के साथ मानस यज्ञ समापन हुआ।उक्त कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं साहू समाज राजीम भक्ति माता मंदिर समिति राजिम के संरक्षण एवं पूर्व अध्यक्ष रामू राम साहू ने उपस्थित होकर हवन डालकर पूजा अर्चना किया तथा भगवान सीताराम के साथ महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण महाराज जी का आरती उतार कर श्रीफल इत्यादि भेंट कर पूजा अर्चना की और समस्त लोगों की सुख समृद्धि कामना किया।

उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु गण उपस्थित हुए। उक्त महायज्ञ में प्रमुख रूप से ग्राम वासियों के साथ–साथ हीरामन साहू, कृष्ण धुरव, भुवनलाल साहू, हीरामन धुरव, संतराम धुरव, सोनू सोनी, कुमार धुरव, गोकुल साहू, आमिर राम, रवि सोनी, पार्षद वार्ड नंबर 15 धुरव तुलसीराम साहू, हीरो साहू, दुलार यादव, अश्वनी साहू, राम सिंह सहित समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

# तौरेंगा जलाशय से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

किसानो का खुश होना जायज है, उनकी इस खुशी का राज यह है तौरेंगा जलाशय से रबी फसल के लिए पानी का मिलना। पिछले दो महीनो से ग्राम रवेली, सांकरा, गाड़ाघाट, तौरेंगा, और मुरमुरा के किसानो ने लगातार कभी राजिम विधायक रोहित साहू को अपनी आपबीती बताते तो कभी गरियाबंद जल संसाधन विभाग के अधिकारी को अपना दुखड़ा सुनाते। किसानो ने कभी प्रयास करना नही छोड़ा और तो और कभी किसान कभी नाली की सफाई करते तो कभी पेड़ के नीचे बैठे रूपरेखा तैयार कर विचारो का आदान प्रदान करते किसानो ने कभी हिम्मत नही हारी। शायद उसी विश्वास का परिणाम आज सबके सामने है, इस दो महीने के अंतराल में इन पांच गांव के किसानो ने लगातार क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू से रबी फसल के लिए पानी की मांग की और आश्वाशन भी सकारात्मक मिलता रहा। किसान कहते की इस बार पिछले वर्ष की तुलना में खरीफ फसल पैदावार ठीक नहीं होने के कारण साहूकारों से लिया कर्ज पटा पाना संभव नही है, इसके अलावा ट्रेक्टरो, मजदूरों, एवम कीटनाशक दवाई का पैसा चुकाना संभव नहीं है, किसानो में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रहा था, फसल का सही पैदावार नही होना दुख का कारण बन गया, किसानो की आय का एक मात्र जरिया धान है, किसान अपनी कड़ी मेहनत से धान पैदा करता है जो औरों के पेट भरता है जो देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है। अगर पानी मिल जाता तो कर्जा पटाने के साथ साथ अपनी जीविका चलाने में हिम्मत मिला जाता। और 03 फरवरी को जलाशय से पानी छोड़ा गया जिससे क्षेत्र के सभी किसान खुश है वही ग्राम रवेली के तुलसी राम निषाद, बसंत यादव, सरपंच प्रतिनिधि लोमश ध्रुव, श्रवण यादव, रमेश कश्यप, गणेश निषाद, संतराम मरकाम का कहना है की इसका श्रेय इन पांच गांव के सभी उन समर्पित किसानो को जाता है जिनकी मेहनत का परिणाम सबके सामने है, इसके लिए सभी किसानो एवम ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू का आभार जताया।



किसानो में खुशी की लहर, जताया विधायक रोहित साहू का आभार

# मनरेंगा बचाव संग्राम के तहत गांव-गांव में पदयात्रा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मनरेंगा का नाम बदलने और उसमें कई तरह के बदलाव करने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा इन दिनो मनरेंगा बचाव संग्राम के तहत गांव–गांव पदयात्र किया जा रहा है साथ ही गांव में पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगो को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दिया जा रहा है। आज मैनपुर क्षेत्र के नगर में मनरेंगा बचाव आंदोलन के तहत



पदयात्र किया गया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा जब से देश में भाजपा की सरकार आई है सिर्फ योजनाओ का नाम बदलने का कार्य किया जा रहा है भाजपा गरीब, मजदुर, किसानो से उनका हक और रोजगार छिनने में लगी हुई है। श्री ध्रुव ने कहा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, निहाल नेताम, तीव सोनी, शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, डोमार साहू, भुनेश्वर नेगी, तिलक मरकाम, लिकेश यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### बीईओ ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**मैनपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में कसावट लाने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर द्वारा इन दिनो दूरस्थ वनांचल क्षेत्रे का लगातार दौरा किया जा रहा है औचक निरीक्षण से हड़कंप मची हुई है आज मंगलवार को फिर एक बार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल के द्वारा राजपड़ाव क्षेत्र अंतर्गत स्कूलो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें प्राथमिक शाला केरापारा के शिक्षक लक्ष्मीनाथ अनुपस्थित पाया गयाा एवं प्राथमिक शाला भदरीपारा के शिक्षक श्री दारासिंह प्रधान अनुपस्थित पाये गये प्राथमिक शाला गाजीमुड़ा श्री गौतम सिंह ठाकुर अनुपस्थित पाये गये एवं प्राथमिक शाला झरियाबाहरा 3.30 बजे स्कूल बंद पाया गया अनुपस्थित शिक्षको को कारण बाताओ नोटिश जारी किया गया है।

### रजनकटा में हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन



**पाण्डुका।** ग्राम रजनकटा के त्रिकुटी आश्रम के पास दमाऊ नाला में चेक डेम निर्माण लागत 13.45, लाख व खट्टी मुक्ति धाम के पास चेक डेम निर्माण कार्य लागत 9.96 लाख रुपए का भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप में तेजकुंवर/किशन कंडरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, बीरेंद्र कश्यप उप सरपंच, द्रोण साहू, मिलन पटेल, कन्हैया पटेल, पंकज कश्यप, खेमेश्वरी साहू, गीता बाई यादव, वीना बाई साहू एवं अन्य ग्रामीण जन शामिल हुए।

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा में मैनपुर का रहा दबदबा



**मैनपुर।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में मैनपुर के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। स्पर्धा में 18 से 35 वर्ष के आयु वर्ग में मैनपुर विकासखण्ड का दबदबा रहा। 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, तवा फेक, बैडमिंटन डबल, बॉलीबाल एवं रस्साकस्सी में मैनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजेता खिलाड़ियों के मैनपुर पहुंचने पर प्रतिभागियो का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विकासखण्ड मैनपुर नोडल अधिकारी यशवंत बघेल, शेख ईमामुद्दीन, टीकम पटेल, वत्सल्य गुप्ता, शशी साहू, चंद्रप्रकाश साव, रवि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हरिभूमि अखबार के पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया। 45 घरों में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पाठकों के लिए नए वर्ष का कैलेंडर वितरित करते हुए बताया कि रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर, दिल्ली और रोहतक जैसे प्रमुख संस्करणों के पाठकों तक पहुंचाया गया है।

### कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच कांग्रेस जन पहुंचे। कांग्रेस जनों ने ग्रामीणों को भाजपा की मोदी सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक मनरेगा को खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों को बताया। वीबी जीरामजी योजना में पहले मनरेगा में 100 दिन की रोजगार की गारंटी थी। अब रोजगार मिलेगा या नहीं इसकी ही गारंटी नहीं है। पहले काम का अधिकार हर गरीब परिवार को मिलता था। लेकिन अब गांवों में कहा काम देना है और किस ग्राम को काम नहीं देना है सब केंद्र सरकार तय करेगी। पहले मनरेगा का पूरा पैसा केंद्र से आता था, अब 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य पर निर्भरता डाल दिया गया है।

## राजिम कुंभ कल्प मेला : जल उपलब्धता से संगम क्षेत्र में बढ़ी रौनक

# राजिम संगम तक पहुंचा सिकासार जलाशय का पानी, महाशिवरात्रि तक बहेगी आस्था की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और आस्था को ध्यान में रखते हुए माघ पूर्णिमा के एक रोज पहले सिकासार जलाशय से छोड़ा गया पानी पैरी नदी के माध्यम से राजिम संगम तक पहुँच चुका है। यह जलधारा बीच नदी में रेत से निर्मित कुंड से होते हुए आगे प्रवाहित हो रही है, जिससे संगम क्षेत्र में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। महाशिवरात्रि मेला अवधि को देखते हुए यह व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह जलधारा महाशिवरात्रि मेले के समापन तक लगातार प्रवाहित रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और धार्मिक अनुष्ठान पूरी आस्था के साथ संपन्न हो सकें। हालाँकि, कुछ स्थानों पर पानी में सफाई की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। पैरी नदी के किनारे और कुंड क्षेत्र में पत्ते, कचरा एवं गाद जमा होने से जल की स्वच्छता प्रभावित हो रही है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए, तो यह जलधारा और भी पवित्र व उपयोगी सिद्ध होगी। राजिम संगम क्षेत्र में जल के प्रवाह से धार्मिक वातावरण और अधिक जीवंत हो गया है। स्नान, तर्पण और शिव आराधना के लिए पहुँचे श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब आवश्यकता है संबंधित विभाग स्वच्छता, निगरानी और सुरक्षा पर भी समान रूप से ध्यान दें, ताकि आस्था की यह धारा अव्यवस्था की भेंट न चढ़े। कुल मिलाकर, जल छोड़े जाने की यह पहल श्रद्धालुओं के लिए राहतभरी है, लेकिन इसे सफल और प्रभावी बनाने के लिए सतत सफाई और देखरेख बेहद जरूरी है।






सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल



### कपड़ा बदलने की व्यवस्था न होने से श्रद्धालु महिलाएं शर्मिंदगी को मजबूर

धार्मिक आस्था और श्रद्धा के चलते यहां श्रद्धालुओं की आमदरप्त बनी हुई है जो नदी में पुण्य स्नान कर अपने आपको सौभाग्यशाली समझते है। मेले के दौरान ही नही बल्कि बारहो माह लोगो की भीड़ यहां डुबकी लगाने के लिए पहुंचती है। महानदी की घाट में मेले के दौरान पुण्य स्नान करने वाली युवतियो,महिलाओं के लिए कपड़ा चेंज करने के लिए किसी भी प्रकार से व्यवस्था नजर नही आ रही है। बुधवार शाम यह संवाददाता पंचेश्वरनाथ महादेव मंदिर से कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के बीच जहां मेला भरा हुआ है,जहां कुंड बना हुआ है,जहां पैरी की धार प्रवाहित हो रही है वहां पर रायपुर से पहुंचे महिलाएं कपड़ा चेंजिंग के लिए शर्मिंदगी महसुस करती नजर आई। इस संवाददाता से उन्होने कहा कि पहले भी वे यहां पुण्य स्नान करने के लिए मेले में पहुंचते रही है। उस समय शामियाना और कनात लगाकर कपड़ा चेंजिंग के लिए व्यवस्था की जाती रही है। लेकिन इस बार हमें खुले में कपड़ा चेंजिंग करना पड़ा है। मालूम हो कि संगम में स्नान कर पुण्य लाभ लेने की श्रद्धा लिए बड़ी संख्या में महिलाएँ भी राजिम पहुँच रही हैं, लेकिन इस बार प्रशासनिक अव्यवस्था ने उनकी आस्था पर असहजता की परछाईं डाल दी है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने का कोई समुचित स्थान नहीं बनाया गया है। स्नान के बाद महिलाएँ इधर-उधर आड़ खोजने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। कई श्रद्धालु महिलाएँ इस कारण स्नान से भी परहेज करती नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों और बाहर से आई महिला श्रद्धालुओं का कहना है कि हर वर्ष यहाँ लाखों की भीड़ उमड़ती है, फिर भी महिलाओं की मूलभूत जरूरतों को नजरअंदाज कर दिया गया है। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। धर्म और आस्था के इस प्रमुख केंद्र पर जब स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की बातें की जाती हैं, तो महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने जैसे आवश्यक इंतजाम को न करना बेहद चिंताजनक है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि तत्काल अस्थायी चेंजिंग रूम, पर्दानुमा व्यवस्था और महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेते हैं। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो यह अव्यवस्था आस्था के इस महापर्व पर प्रशासन के लिए किरकिरी का कारण बन सकती है।

## नया मेला मैदान बना अव्यवस्था और भय का केंद्र, चौतरफा बैरिकेडिंग से लोग हलाकान

**राजिम।** नवीन मेला मैदान इन दिनों अव्यवस्था, अवरोध और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। मेला देखने या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने पहुँचे लोग सबसे पहले रास्तों की उलझन में फंस रहे हैं। चारों ओर बाँस-बल्ली से की गई बैरिकेटिंग ने मेला मैदान को मानो किले में तब्दील कर दिया है। जिधर से भी प्रवेश की कोशिश की जाए, उधर रास्ता बंद-लोग समझ ही नहीं पा रहे कि आखिर कार्यक्रम स्थल तक जाएँ तो जाएँ कैसे? धूल और धुएँ का आलम यह है कि थोड़ी दूर पैदल चलना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेला मैदान वैसे ही शहर से दूर स्थित है, ऊपर से मार्गदर्शन और सुव्यवस्था का घोर अभाव लोगों की नाराजगी बढ़ा रहा है। सबसे गंभीर चिंता का विषय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। कार्यक्रम समाप्त होते ही स्थल से पुलिस बल को हटा लिया जाता है, जिससे देर रात लौटने वाली महिलाओं और परिवारों में भय व्याप्त है। अंधेरा होते ही पूरा इलाका सुनसान हो जाता है, ऐसे में सुरक्षा के दावे खोखले नजर आते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने केवल बैरिकेटिंग कर औपचारिकता निभा ली है, लेकिन प्रवेश-निकास, प्रकाश व्यवस्था, धूल नियंत्रण और स्थायी सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई ठोस योजना नहीं दिखाई देती। सवाल यह है कि जब मेला आमजन के लिए है, तो उसे अव्यवस्था और डर के साये में क्यों धकेला जा रहा है? क्या किसी अनहोनी के इंतजार में प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है? समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो यह मेला यादगार कम, अव्यवस्था की मिसाल ज्यादा बन जाएगा।



**नया मेला मैदान बना भुलभुलैया–** नए मेला मैदान में इस बार मेला अपने उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। मेला का मुख्य रास्ता, सांस्कृतिक मंच और मीना बाजार-सब कुछ यहीं सिमटा हुआ है, लेकिन व्यवस्था ऐसी कि पूरा परिसर भुलभुलैया में तब्दील हो गया है। आमजन कार्यक्रम देखने जाए या मेला घूमे, यह तय कर पाना मुश्किल हो गया है। प्रशासन ने सुरक्षा के नाम पर चारों ओर बैरिकेटिंग कर दी है। बाँस-बल्ली गाड़कर रास्तों को इस कदर बंद किया गया है कि जिधर भी लोग बढ़ते हैं, उधर बंद रास्ता मिल जाता है। न तो स्पष्ट प्रवेश-निकास मार्ग चिह्नित हैं और न ही कोई ऐसा कर्मी तैनात है जो लोगों को सही दिशा बता सके। स्थिति यह है कि लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की इच्छा लेकर पहुँचते हैं, लेकिन रास्ते में ही उलझकर लौटने को मजबूर हो जाते हैं। मीना बाजार तक पहुँचना भी किसी चुनौती से कम नहीं। इस अव्यवस्था को लेकर लोगों में किञ्चित नहीं, बल्कि खुला आक्रोश देखने को मिल रहा है।

**बैरिकेटिंग के नाम पर घेराबंदी, जनता के मेले में जनता ही परेशान–** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मेला जनता के लिए आयोजित किया जाता है, न कि जनता को रोकने के लिए। यदि हर रास्ते पर बैरिकेटिंग ही करनी थी तो प्रवेश और निकास की समुचित, सुगम और स्पष्ट योजना पहले से क्यों नहीं बनाई गई? सुरक्षा जरूरी है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर जनता को परेशान करना समझ से परे है। मेले के माहौल में जहाँ उत्साह और आनंद होना चाहिए, वहाँ अब झुंझलाहट और नाराजगी हावी होती जा रही है। यदि समय रहते बैरिकेटिंग की समीक्षा कर रास्तों को सुव्यवस्थित नहीं किया गया, तो यह मेला व्यवस्था से ज्यादा अव्यवस्था के लिए याद किया जाएगा।

## सुहिणी सोच संस्था नवापारा-राजिम की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



**नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ**

*इस अवसर पर सुहिणी सोच संस्था की नवगठित काणी में- अध्यक्षः मानसी पंजवानी, सचिवः ज्योति ऐशानी,सह-सचिवः दीपा नागवानी,कोषाध्यक्षः रुचि पंजवानी, वाइस प्रेसिडेंट सांस्कृतिक एवं मनोरंजन प्रभारी, काजल पंजवानी,वाइस प्रेसिडेंट सोशल वर्क कविता इसरानी,वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंगः एकता साधवानी,वाइस प्रेसिडेंट बिजनेसः महक सेवानी,वाइस प्रेसिडेंट ग्रोथ एंड डेवलपमेंटः प्राची नागवानी,सांस्कृतिक प्रभारी डायरेक्टरः माही ऐशानी,डायरेक्टर सोशल वर्कः मंजू छाबड़ा डायरेक्टर ट्रेनिंगः राशि जगवानी,डायरेक्टर बिजनेसः कीर्ति धामेजानी,डायरेक्टर ग्रोथ एंड डेवलपमेंटः रिया चांदनी मीडिया प्रभारीः कोमल भाषाणी, ग्रेटरः गीत गोविन्दनी, कार्यकारी सदस्यः मनीषा नागवानी, कंचन गोविन्दनी, प्रिया लालवानी एवं राखी माखीजा ने शपथ ली। कार्यक्रम में मोहित शेवानी की प्रस्तुति ने समाजजनों का विशेष रूप से दिल जीत लिया।*

झूलेलाल मंदिर में सुहिणी सोच संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानसी पंजवानी ने अपनी नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत सुहिणी सोच संस्था रायपुर की फाउंडर मनीषा तारवानी, अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी, सचिव रेणु कृष्णानी एवं उनकी टीम के भव्य स्वागत से हुई। तिलक वंदन एवं ढोल-नगाड़ों के साथ अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। औपचारिक कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ। इसके पश्चात डॉ. साईं संत युधिष्ठिर लाल के सुपुत्र उदय शदाणी,भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीए चेतन तारवानी, प्रदेश महामंत्री मुरलीधर शादीजा सुंदर पंजवानी अध्यक्ष सिंध पंचायत एवं अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया गया। धमतरी पंचायत के मुखिया चन्दकुमार जसवानी, कुरूद के कन्हैयालाल नवलानी, छुरा के चंदू मल नागदेव एवं महासमुंद के मोहनलाल मंगलानी कार्यक्रम में मौजूद थे। अतिथियो का सम्मान शाल एवं मोमेंटो से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोनिया पोपटनी एवं निशा पोपटनी के तत्वावधान में सिंधी बोली पर आधारित एक सुंदर नाट्य प्रस्तुति बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। संस्था की संस्थापक मनीषा तारवानी ने कहा कि सुहिणी सोच संस्था महिलाओं की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने परिवार के साथ-साथ समाज और देश के विकास में भी योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन माही बुलानी एवं जिया लाहौरी ने किया। तत्पश्चात रायपुर सुहिणी सोच की अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी ने नवापारा-राजिम की समस्त सुहिणी सोच सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष मानसी पंजवानी ने कहा कि मैं अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का हर संभव प्रयास करूंगी। संपूर्ण आयोजन में पूज्य श्री सिंध पंचायत के आसन दास सेवानी नंदलाल, धनराज मध्यानी, ईश्वर जगवानी, नानक मूलचंदानी, सुरेश नागवानी, गोबिंद राजपाल, संतोष माखीजा , जवाहर जीवनणि, प्रकाश सचदेव, भूषण मेघवानी, गोपी छाबड़ा, शालू ऐसानी, दीपक नागवानी, अनिल पंजवानी एवं युवा विंग का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों और अफसरों किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं के अधिकार, कर्तव्य, अधिवक्ता हितों की सुरक्षा, समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका तथा अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधिवक्ता संघ रायपुर अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता हितेन्द्र तिवारी एवं एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह व्यवस्था और नियमों का पालन करे। अधिवक्ता के रूप में यह जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। न्याय प्राप्ति के उद्देश्य से कानून के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा एवं आर्थिक संतुलन को बनाए रखते हुए पक्षकार के हित में प्रभावी पक्ष प्रस्तुत करना अधिवक्ताओं का प्रमुख दायित्व है। सभा का मंच संचालन अधिवक्ता अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया। स्वागत भाषण अधिवक्ता नोटरी प्रहलाद साहू तथा आभार प्रदर्शन अधिवक्ता नोटरी चेमन ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अरुण मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार एवं अभनपुर तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती रीतू बुन्देल, सांस्कृतिक सचिव परस राम कश्यप, ग्रंथालय सचिव भंजन जांगड़े, सह सचिव गायत्री साहू, अपूर्व सेन, कार्यकारिणी सदस्य अजय बलानी, सागर पाण्डेय, अंकित फुलझेले, नवरतन यादव, राजीव द्विवेदी, श्रीमती सावित्री नायक, रामायण दास मानिकपुरी,संजीव प्रसाद,संजू यादव,दीना सिन्हा,राजू साहू, शीतला बैस, लोकेश सोनकर,संदपी चौरसिया,संजय मिश्रा,चंन्द्राकांत शर्मा,प्रमोद मिश्रा,नागेन्द्र सिन्हा, उपस्थित रहे।

## बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां, अतिथियों ने प्रतिभा और उत्साह सराहा

# तेजस्वी विद्या मंदिर बरोंडा में हर्षोल्लास के साथ मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्यामनगर



तेजस्वी विद्या मंदिर बरोंडा में पूर्व वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा और बच्चों की प्रतिभा को भरपूर सराहना मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए ऐसे मंच अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इसी से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने मन का डर व झिझक दूर कर भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होते हैं। जनपद सदस्य आशीष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे किसान अपनी फसल कटाई के बाद उत्सव मनाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं, वैसे ही बच्चे भी पूरे वर्ष की पढ़ाई के बाद वार्षिक उत्सव के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उत्साहित होते हैं। कार्यक्रम में गांव के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने अंत तक बच्चों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया तथा उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय के संचालक सिन्हा ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, पालकों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महामंत्री जितेंद्र पेंडरिया, मंडल मंत्री सोनी, सरपंच धनशाय निषाद, पूर्व सरपंच दानेंद्र सेन, रेखराम साहू, पालक समिति के सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य भारतलाल सिन्हा, लोचनराम सिन्हा, मंच संचालक आत्माराम निर्मलकर तथा विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं धनेश्वर निषाद, संतोषी सिन्हा, हीना निषाद, अंजली निषाद, गीतांजलि सिन्हा और सोनिया निषाद सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

